# St. Xavier's Sr. Sec. School
Delhi-54

| | | |
|---|---|---|
| Class : 7 | SUMMATIVE ASSESSMENT 2 | Marks: 30 |
| Date: 29.02.16 | HINDI | Time: 30 minutes |

Name:______________________________ Class & Sec. ____________ R. No.____________

**नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर, प्रश्न – पत्र पर ही कीजिए।**

**भाग क**

I. सही विकल्प पर सही (√) का चिह्न लगाइए। (1X30=30)

1. कंडक्टर का हिन्दी शब्द है।
   1. संचालक 2. संपादक 3. संनायक 4. संदापक
2. प्रमाणित शब्द का अर्थ है।
   1. सिद्धी 2. सिद्ध 3. नतीजा 4. नापतोल
3. संयोग का उचित विलोम है।
   1. सहयोग 2. वियोग 3. प्रयोग 4. योग
4. सोना का पर्याय नहीं है ।
   1. स्वर्ण 2. घन 3. कंचन 4. हेम
5. भँवरा शब्द का पर्याय है।
   1. भृंग 2. भृग 3. सारंग 4. समीर
6. एक से अधिक अर्थ देने वाला शब्दों को क्या कहते हैं?
   1. एकार्थक 2. अनेकार्थी 3. समानार्थी 4. कोई नहीं
7. निम्नलिखित शब्दों में से पुल्लिंग शब्द चुनिए –
   1. मीरा 2. सुमित्रानंदनपंत 3. महादेवी 4. कमीज़
8. स्त्रीलिंग शब्द चुनिए।
   1. नदी 2. नाला 3. पर्वत 4. पेड़
9. निम्नलिखित शब्दों में से बहुवचन शब्द है –
   1. पत्ता 2. गुड़ियाँ 3. रुपया 4. पंखा
10. सेवा शब्द क्या है?
   1. विशेषण 2. भाववाचक संज्ञा 3. जातिवाचक संज्ञा 4. क्रिया
11. निम्नलिखित वाक्य में से रेखांकित विशेषण का भेद बताइए।

उस कुर्सी को यहाँ रख दो।

1. संख्यावाचक 2. सार्वनामिक 3. गुणवाचक 4. परिमाणवाचक

12. 'भुवन धर लौटता होगा' वाक्य में काल का भेद है–

1. संदिग्ध वर्तमान 2. अपूर्ण वर्तमान 3. सामान्य भूत 4. अपूर्ण भूत

13. ''आपसे कोई मिलने आया है'' वाक्य में 'कोई' सर्वनाम का भेद है –

1. पुरूष वाचक 2. अनिश्वयवाचक 3. प्रश्नवाचक 4. निजवाचक

14. क्रिया के मूल रूप को कहते हैं –

1. धातु 2. वचन 3. काल 4. क्रिया विशेषण

15. महिमा पुस्तक पढ़ती है वाक्य में क्रिया का भेद क्या है?

1. अकर्मक 2. सकर्मक 3. द्विवकर्मक 4. प्रेरणार्थक

16. सही वर्तनी का चयन कीजिए।

1. परमात्मा 2. प्रमात्मा 3. प्रात्मा 4. परात्मा

Cont'd-----2/-



17. अनेक शब्दों के लिए उचित शब्द पर सही (√) का चिह्न लगाइए।

''रात्रि में विचरण करने वाला''

1. निशाचर 2. जलचर 3. वायुचर 4. पवनचर

18. 'कलई खुलना' मुहावरे के सही अर्थ पर सही (√) का चिह्न लगाइए।

1. रहस्य का पता लगना 2. कलाई खुल जाना 3. चिंता मुक्त रहना 4. चिंतित होना

19. 'हाथ' के समानार्थी शब्द हैं –

1. कर, पाणि 2. पाणि, हाथी 3. गज, पाणि 4. हस्त, गज

20. ईंट से ईंट __________ इस मुहावरे में छूटा शब्द है ।

1. बजाना 2. टकराना 3. ठोकना 4. गिराना

21. ''कैलाश बिल्कुल थक गया है '' वाक्य में उचित क्रिया विशेषण पर सही (√) का चिह्न लगाइए।

1. है 2. बिल्कुल 3. कैलाश 4. थक गया

22. हर्ष का विलोम है –

1. शोक 2. शेक 3. थोक 4. शौक

23. क्रिया विशेषण के भेद हैं –

1. चार 2. तीन 3. एक 4. दो

24. निम्नलिखित प्रश्न के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।

''एलिशा यरुशलम क्यों नहीं जा सका'' ?

1. धन की समाप्ति 2. शीघ्र घर पहुँचने की खबर 3. अस्वस्थ होना 4. आस्था का अभाव

25. उचित उत्तर पर सही (√) का चिह्न लगाइए।

''वह सूक्ष्म है, अगोचर है और सर्वव्यापी है।'' ये गुण किसके हैं ?

1. ईश्वर 2. साधु 3. तावीज़ 4. भूत

26. अनावृष्टि का अर्थ है –

1. अकाल 2. आकाल 3. काल 4. काला

27. कर्मवती कौन थी ?

1. राणा साँगा की पत्नी 2. बाबर की पत्नी
3. इब्राहिम लोदी की बहन 4. उपयुक्त कोई भी नहीं

28. 'सच्चा तीर्थयात्री' पाठ के लेखक का नाम है –

1. मुंशी प्रेमचन्द 2. सुदर्शन 3. लियो टॉल्स्टॉय 4. सुरेशपंत

29. 'कृष्ण लीला' पाठ में कृष्ण के बड़े भाई का नाम है?

1. बलराम 2. नंद 3. कंस 4. सूरदास

30. गाँव में मनुष्य हाहाकार कर रहे थे –

1. भूकम्प के कारण 2. अतिवर्षा के कारण
3. राजा के अत्याचार के कारण 4. अकाल के कारण

***********

Class : 7 SUMMATIVE ASSESSMENT 2 Marks: 60
Date: 29.02.16 HINDI Time: 1½ hour

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर – पुस्तिका पर लिखिए।

**भाग ख**

I. निर्देशानुसार काल बदलकर वाक्यों को दोबारा लिखिए। (3)

1. रेशमा सितार बजा रही थी – (सामान्य वर्तमान)
2. रेखा ने रोटी खाई थी – (आसन्न भूत)

3. विराट मैच खेलेगा – (संभाव्य भविष्यत्)

II. निम्नलिखित वाक्यों के कालों के भेद लिखिए। (2)

1. केतकी पत्र लिख रही है।
2. मोहन आता तो शादी में जाता।
3. बालक रोया होगा।
4. मामा जी के साथ कल मैं बाज़ार जाऊँगा।

III. निम्नलिखित वाक्यों में क्रियाओं के भेद लिखिए । (2)

1. माता जी बेटे को फल देती है।
2. राम धीरे – धीरे पढ़ता है।
3. सुरेश गीत गाता है।
4. माली पौधों को पानी देता है।

IV. समान अर्थ प्रतीत होने वाले शब्दों में अर्थ लिखकर अन्तर स्पष्ट कीजिए। (1)

1. आलोचना –
   निंदा –

V. रेखांकित समरूपी शब्द का सही प्रयोग कर वाक्य को पुनः लिखिए। (1)

1. प्रभु दिन/दीन दुःखियों की रक्षा करता है।
2. सर्प का फ़न/फन ज़हरीला होता है।

VI. वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए। (2)

1. प्रदूषण गहरी समस्या है।
2. दस बजने को पाँच मिनट है।

VII. रेखांकित विशेषणों के भेद लिखिए। (2)

1. यदि वक्ता अच्छा हो तो अनेक लोग आते हैं।
2. झाग सहित नापने से कुछ दूध कम हो जाएगा।
3. तितलियाँ रंग –बिरंगी होती हैं।
4. दसकिलो गेहूँ तौलने के बाद पैसे लूँगा।

VIII. खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे (लोकोक्ति का अर्थ लिखिए ) (1)

IX. विलोम लिखिए। (1)

1. सँकरा –

2. सदय –

X. दो – दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (1)

1. मेघ –

Cont'd-----2/-



XI. कोष्ठक में लिखे शब्दों का अर्थ भेद समझकर रिक्त स्थान में उचित शब्द भरिए। (1)

1. सुधा की ____________ से नीरजा शीघ्र स्वस्थ हो गई। (सेवा /शुश्रूषा )

XII. मुहावरे तथा लोकोक्तियों में एक – एक अन्तर लिखिए। (1)

XIII. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए। (1)

1. गुलामी का विरोध करने वाला –
2. जो कभी नष्ट न हो –

XIV. रेखांकित संज्ञाओं के भेद लिखिए। (1)

1. प्रभु की भक्ति से जीवन सफल हो जाता है।
2. बाइबिल ईसाइयों का पवित्र धर्मग्रंथ है।

XV. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (1)

1. गोधन
2. सम्मति

XVI. नगर के ज़िलाधिकारी द्वारा आपको ''सर्वश्रेष्ठ धावक'' का पुरस्कार प्राप्त हुआ है, सूचना देते हुए पिताजी को पत्र लिखिए। (5)

XVII. अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

आपका जीवन एक संग्राम स्थल है, जिसमें आपको विजयी बनना है। महान् जीवन के रथ के पहिये फूलों से भरे नंदन वन से नहीं गुजरते, कंटकों से भरे बीहड़ पथ पर चलते हैं। आपको ऐसी ही महान् जीवन पथ का सारथी बनकर अपनी यात्रा को पूरा करना है। जब तक आपके पास आत्मविश्वास का दुर्जय शस्त्र नहीं है, न तो आप जीवन की ललकार का सामना कर सकते हैं न जीवन संग्राम में विजय प्राप्त कर सकते हैं और न महान् जीवन के सोपानों पर चढ़ सकते हैं। जीवन पथ पर आप आगे बढ़ रहे हैं, दुःख और निराशा की काली घटाएँ आपके मार्ग पर छा रही हैं। आपत्रियों का अंधकार मुँह फैलाए आपकी प्रगति को निगलने के लिए बढ़ा

चला आ रहा है, लेकिन आपके हृदय में आत्मविश्वास की दृढ़ ज्योति जगमग रही है तो इस दुःख एवं निराशा का कुहरा उसी प्रकार कट जाएगा, जिस प्रकार सूर्य की किरणों के फूटते ही अंधकार भाग जाता है।

1. महान् जीवन के रथ के पहिए कैसे होते हैं ? (1)
2. दुःख एवं निराशा का कुहरा किस प्रकार दूर हो सकता है? (1)
3. सही उत्तर के सामने सही (√) का निशान लगाइए। (1)

   क. निराशा की काली घटाएँ किस प्रकार समाप्त हो जाती हैं?

   i. आत्मिक विश्वास ii. आत्मिक शक्ति
   iii. दृढ़ आत्मविश्वास iv. प्रगति करके

   ख. 'संग्राम' और 'सोपान' शब्दों के अर्थ बताइए ।

   i. युद्ध और निराशा ii. सीढ़ी और लड़ाई
   iii. लड़ाई और निराशा iv. युद्ध और सीढ़ी

4. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। (1)

Cont'd-----3/



**भाग ग**

I. मैया मोहि दाऊ बहुत खिजायो।
मोसो कहत मोल को लीनों, तू जसुमति कब जायो।
कहा कहैं यहि रिस के मारे, खेलन ही नहीं जात।
पुनि – पुनि कहत कौन है माता, को है तेरो तात।
गोरे नंद जसोदा गोरी, तू कत स्याम सरीर।
चुटकी दै – दै हँसत बाल सब, सिखे देत बलबीर

1. उपर्युक्त पंक्तियों की कविता और कवि का नाम लिखिए। (1)
2. कृष्ण यशोदा से बलराम की क्या शिकायत कर रहे हैं? (1)
3. कृष्ण के तात का क्या नाम है? (1)
4. "गोरे नंद जसोदा गोरी, तू कत स्याम सरीर।
   चुटकी दै–दै हँसत बाल सब, सिखै देत बलबीर।" पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए। (2)

II. ''पर दुःख है तो यही कि मरकर भी मेवाड़ के मान की रक्षा न कर पाएँगे''। प्रस्तुत पंक्तियों का आशय 30 – 40 शब्दों में स्पष्ट कीजिए। (3)

III. '' समय और लहरें किसी की प्रतीक्षा में खड़ी नहीं रहती।'' पंक्तियों का भाव 30 – 40 श्ब्दों में प्रकट कीजिए। (3)

IV. घर पहुँच कर एफिम ने एलिशा से क्या कहा और क्यों ? चार – पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए। (3)

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 3 – 4 वाक्यों में लिखिए। (2x4=8)

1. विद्यार्थी – जीवन में समय – नियोजन के महत्व को अधिक क्यों स्वीकार किया गया है?
2. साधु के तावीज़ से क्या व्यक्ति वास्तव में सदाचारी हुए?
3. एफिम और एलिशा ने यात्रा से पहले क्या – क्या तैयारियाँ की?
4. ''राखी का मूल्य'' एकांकी ''हिन्दू – मुस्लिम एकता'' का प्रमाण है, कैसे ?

VI. एक – एक वाक्य में उत्तर लिखिए। (1x4=4)

1. महारानी कर्मवती ने हुमायूँ को क्या जादू का पिटारा भेजा था ?
2. गिरजाघर के भीतरी भाग में कितने दीपक जल रहे थे ?
3. ग्वाल – बाल ने कृष्ण के मुख पर क्या ज़बरदस्ती लगाया ?
4. राज्य में ऐसी कौन सी जाति रहती थी जो अंजन लगाकर बारीक चीज़ भी देख लेती थी?

VII. 1. ''आशा है कि आप यरुशलम की तीर्थयात्रा सकुशल पूरी कर आए होंगे।'' यह वाक्य किसने कहा? (½)

2. ''सौंह'' का हिन्दी रूप लिखिए। (½)

VIII. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

हमारी राखी वह शीतल दवा है जो सारे घाव भर देगी। यह वह वरदान है जो सारे वैर – भावों को जलाकर भस्म कर देती है। राखी पाने के बाद कोई वैर – विरोध याद रख सकता है भला।

1. उपर्युक्त पंक्तियाँ किसने किससे कही? (1)
2. 'सारे घाव भर देगी' का अर्थ स्पष्ट कीजिए। (1)
3. '' वैरभाव'' और ''भस्म'' के अर्थ लिखिए। (1)